# संस्कृत भाषा के संरक्षण और प्रसार का लिया संकल्प

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में आयोजित संस्कृत सप्ताह महोत्सव का भव्य समापन उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में संस्कृत भाषा, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर एवं आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी की संयुक्त संचालक डॉ. ममता खेड़े रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने की। डॉ. खेड़े ने कहा कि संस्कृत भारत की ज्ञान, संस्कृति और चिंतन परंपरा की महत्वपूर्ण भाषा है। युवा पीढ़ी आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों से जोड़कर संस्कृत को वैश्विक पहचान दिला सकती है। प्रो. हंसधर झा ने कहा कि संस्कृत केवल प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति है। महोत्सव के दौरान एकल संस्कृत गीत, भाषण, संस्कृत ज्ञानस्रोत, श्रीमद्भगवद्गीता पारायण, वेद पारायण और संस्कृत विकिपीडिया सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## गोरखपुर-ओखा और सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस अब ग्वालियर-शिवपुरी-गुना मार्ग से चलेंगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पश्चिम मध्य रेलवे के बीना स्टेशन यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के चलते कुछ ट्रेनों के परिवर्तित मार्ग में आंशिक संशोधन किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा आगासौद-बीना के बीच तीसरी रेल लाइन को बीना स्टेशन से जोड़ने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है।

रेलवे के अनुसार प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित परिचालन को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है। संशोधित व्यवस्था के तहत गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस और ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस का संचालन ग्वालियर-शिवपुरी-गुना मार्ग से किया जाएगा। गाड़ी संख्या 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस 24 सितंबर से 15 अक्टूबर 2026 तक चार फेरों में परिवर्तित मार्ग से चलेगी। वहीं गाड़ी संख्या 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 20 सितंबर से 11 अक्टूबर 2026 तक चार फेरों में गुना-शिवपुरी-ग्वालियर मार्ग से संचालित होगी।

# भोपाल में बना एलएपीपी इंडिया का दुनिया का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केबल और कनेक्टिविटी समाधान क्षेत्र की वैश्विक कंपनी एलएपीपी ने भोपाल स्थित अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के विस्तार का उद्घाटन किया।

विस्तार के बाद यह एलएपीपी का दुनिया का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बन गया है। नए निवेश के तहत पावर लो-वोल्टेज केबल निर्माण की आधुनिक सुविधा शुरू की गई है। इन केबल का उपयोग उद्योग, वाणिज्यिक भवन, परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा और यूटिलिटी प्रोजेक्ट में होता है।

यूनिट का निर्माण 2025 में शुरू हुआ था और अब यह पूरी तरह परिचालन में आ गई है। एलएपीपी ग्रुप के सीईओ मैथियास लैप ने कहा कि 'इन इंडिया फॉर इंडिया' रणनीति के तहत भारत में उच्च गुणवत्ता वाले कनेक्टिविटी समाधान तैयार किए जा रहे हैं। प्लांट में 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

## मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी ने साहित्यकारों से मांगी पाण्डुलिपियाँ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए उर्दू पाण्डुलिपियों के प्रकाशन और आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अकादमी ने प्रदेश के साहित्यकारों और शायरों से अपनी उर्दू पाण्डुलिपियां 25 सितंबर 2026 तक जमा करने का अनुरोध किया है। आवेदकों को पाण्डुलिपि के साथ मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अकादमी ने स्पष्ट किया है कि उसकी कार्यसीमा मध्यप्रदेश तक सीमित होने के कारण केवल प्रदेश के मूल निवासी साहित्यकारों की पाण्डुलिपियों पर विचार किया जाएगा।

जिन साहित्यकारों की पुस्तकों का अकादमी द्वारा प्रकाशन या आर्थिक सहायता प्राप्त हुए दस वर्ष पूरे नहीं हुए हैं, उनकी पाण्डुलिपियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## नारी शक्ति के स्वास्थ्य व सम्मान का संकल्प

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और आत्मीयता का पर्व है, जो परिवार और समाज में सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करता है।

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद**

**(सवेक्षण एवं निर्माण)**

**विभिन्न कार्य के लिए परियोजना सामान्य प्रबंधन सेवाओं के प्रावधान के लिए दरखास्त के लिए अनुरोध**

**ई-निविदा सूचना सं. CAO-C-ADI-PGMS-WR-01**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-III**, पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद निम्नानुसार ई-निविदा सूचना प्रस्तुत करते हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम उसके स्थान सहित :** पश्चिम रेलवे के CAO/C/ADI आधिन निर्माण संगठन में नयी लाइन, मल्टीट्रैकिंग, गेज परिवर्तन, विद्युतीकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए, 60 माह की समयावधि के लिए परियोजना सामान्य प्रबंधन सेवाओं का प्रावधान करने के लिए : दरखास्त (RFP) के लिए अनुरोध। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत** | ₹ 406,73,28,000.00 |
| 3 | **जमा कराने की बयाना राशि** | ₹ 8,13,46,600.00 |
| 4 | **पूर्ण करने की समयावधि** | 60 (साठ) माह |
| 5 | **बीड नीयत तारीख** | 07-10-2026 को 15:00 बजे |
| 6 | **KIT के अनुसार वास्तविक दस्तावजों की भौतिक रुप से प्रस्तुती** | 06-10-2026 तक 18:00 बजे तक |
| 7 | **तकनिकी बीड खुलने की तारीख** | 07-10-2026 को 15:30 बजे |
| 8 | **प्रि-बीड कॉन्फरेंस** | 11-09-2026 को 12:00 बजे |
| 9 | **निविदा प्रणाली** | दो पैकेट प्रणाली |
| 10 | **वेबसाईट विवरण नोटीस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का संपूर्ण विवरण देख सकते हैं एवं कार्यालय का पताः** | वेब साईट : www.ireps.gov.in उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)III का कार्यालय, पश्चिम रेलवे, प्रथम तल, "A" विंग, निर्माण भवन, GCS अस्पताल के सामने, असारवा, अहमदाबाद। |

CPM-062

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं यशिका गोयल पुत्री राकेश गोयल (YASHIKA GOYAL D/O RAKESH GOYAL), आयु- लगभग 19 वर्ष, जिसकी जन्मतिथि अंक सूचि के अनुसार 27.10. 2006 है,निवासी- 827, वन ट्री टेकरी रोड़, बैरागढ़ भोपाल जी.पी. भोपाल म.प्र 462001 की निवासी हूं। मेरे किसी दस्तावेजों में मेरा नाम त्रुटिवश इशिका गोयल पुत्री श्री राकेश गोयल (ISHIKA GOYAL D/O RAKESH GOYAL) पुत्र श्री प्रमोद बावस्कर दर्ज हो गया है। यह दोनो नाम मेरे ही है मुझे मेरे सही नाम यशिका गोयल पुत्री राकेश गोयल (YASHIKA GOYAL D/o RAKESH GOYAL) के नाम से जाना व पहचाना जावे। यही मेरा सही नाम है।

**नया नाम-यशिका गोयल पुत्री राकेश गोयल**
**(YASHIKA GOYAL D/O RAKESH GOYAL)**
**गलत नाम-** इशिका गोयल
पुत्री श्री राकेश गोयल
(ISHIKA GOYAL D/O RAKESH GOYAL)

1433

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं हमिदुद्दीन अब्दुल रहमान अंसारी (Hamidudin Abdul Rehman Ansari) आत्मज श्री अब्दुल रहमान इरफान अंसारी उम्र 66 वर्ष निवासी ए- 73 वर्धमान, ग्रीन पार्क, 80 फीट रोड अशोका गार्डन गोविन्दपुरा भोपाल म.प्र.-462023 का निवासी हुँ लेकिन त्रुटिवश मेरी पुत्री के पासपोर्ट रिकार्ड में मोहम्मद हमिदुद्दीन रहमान अंसारी अंकित (Mohammed Hamiduddin Rehman Ansari) दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम वास्तविक में हमिदुद्दीन अब्दुल रहमान अंसारी है। जो कि सत्य व सही है।

**गलत नाम-** मोहम्मद हमिदुद्दीन रहमान अंसारी
**सही नाम- हमिदुद्दीन अब्दुल रहमान अंसारी**

1432

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल**

क्रं./सीमांकन /2026/
भोपाल दिनांक 24/08/2026

**सूचना-पत्र**

**प्रति, क्रमांक 1. भूमि स्वामी का नाम-** कौशल किशोर यादव 9893613937, 2. राजेश शर्मा पिता आर.एस. शर्मा, 3. मधु तिवारी पुत्री तिलक राज साहूजा। न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम पी नगर जिला भोपाल के आदेशानुसार आवेदक मधु तिवारी पुत्री तिलक राज साहूजर की ग्राम खजूरीकलां में स्थित भूमि खसरा नं. 177/20 रकबा 0.186 हे. के नक्शा बटांक की कार्यवाही हेतु दिनांक 02/09/26 नियत की गई है। आप सर्व संबधित /विक्रेता/पड़ौसी कृषक मौके पर भूमि से संबधित दस्तावेज स्वीकृत बटांक लेकर उपस्थित रहें। भू-खण्ड विक्रेता स्वयं स्थिती स्पष्ट करने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। आवेदक सीमांकन हेतु आवश्यक झण्डीयां, बांस, मौके पर उपलब्ध करावे। कार्यवाही राजस्व निरीक्षक/ संबधित हल्का पटवारी/गठित टीम द्वारा किया जाएगा। सूचना-पत्र तामिली के हस्ताक्षर कर सूचित होवें। सूचना तामिली बाद अनुपस्थिती की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। विशेष परिस्थितियो में नक्शा बटांक तारीख में बदलाव किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल**

1431

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण महोदय के बताये गये दिशा निर्देशानुसार उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर 1. श्री हेमन्त मिश्रा आ. श्री राम सहाय एवं 2. मोहन पाटीदार आ. श्री राम चरण पाटीदार के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की एक क्रिता सिंचित (अव्यपर्तित) अविकसित भूमि जो कि खसरा क्र. 50/1/2/1/4(एस) जिसका कुल रकबा 0.04647 हे. अर्थात 0.1147 एकड़/डेसीमिल भूमि जो कि ग्राम-कुराना, प.ह.न.-09, रा.नि.म. 03 विकास खंड फंदा तह. हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के बाहर, मुख्य राज्यमार्ग पर स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमायें-पूर्व में-अन्य की भूमि, पश्चिम में- नरसिंहगढ़ ब्यावरा रोड, दिशा दक्षिण में- अन्य की भूमि स्थित है। उक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार गण द्वारा एक विक्रय-अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है। अतः उक्त सम्पत्ति, कहीं पर भी गिरवी, दान, बंधक या उक्त संपत्ति से किसी भी प्रकार का वारिसाना हक, या अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्थान, बैंक वित्तीय संस्थान या अन्य किसी भी प्रकार की सोसायटी, या अन्य का किसी भी प्रकार से हित हो या किसी भी प्रकार की आपत्ति हो, तो मेरे कार्यालय या मोबाईल नं. पर सात दिवस के अंदर संपर्क करें, उक्त समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य रहेगी एवं उक्त समयावधि के उपरांत प्रस्तुत आपत्ति किसी भी प्रकार के न्यायालय की कार्यवाही हेतु अमान्य रहेगी। अतः उक्त संपत्ति से आपत्ति हेतु मय दस्तावेज हेतु मेरे कार्यालय या मोबाइल नं. पर संपर्क कर सूचित करें।

**अनामिका नाथ, एडवोकेट**
OFFICE cum Resi. H.No.29, Satakshi Garden, Khajuri Kalan Road, Piplani, Bhopal (M.P.) 402022, M. 9039026897

1430

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड, ई-7 अरेरा कॉलोनी, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- 810 मण्डल द्वारा श्री दीपक वामन जोशी आत्मज श्री वामन पी जोशी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28/06/1984 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 17/06/2015 को पंजीकृत है। श्री दीपक वामन जोशी आत्मज श्री वामन पी. जोशी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती आशा शर्मा पत्नी श्री रामदास शर्मा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 04/08/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता /विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती आशा शर्मा पत्नी श्री रामदास शर्मा के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी /संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

1429

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में शेड/भवन क्रमांक 445 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद युसूफ आत्माज श्री शेख जुम्मन के नाम भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 2380-81 दिनांक 07/09/1979 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/05/1991 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री मोहम्मद युसूफ द्वारा उक्त संपत्ति श्री मोहम्मद हफीज खान आत्मज श्री रफीक खान को नोटीरीकृत विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 05/05/1994 को निष्पादित कर विक्रय कर दिया गया है। संपत्ति के क्रेता श्री मोहम्मद हफीज खान द्वारा आवेदन पत्र, शपथ-पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए नोटीरीकृत विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 05/05/1994 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आवंटी श्री मोहम्मद युसुरु आत्मज श्री शेख जुम्मन एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नहीं चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगे। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं नोटीरीकृत विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 05/05/1994 के आधार पर उक्त संपत्ति श्री मोहम्मद हफीज खान आत्मज श्री रफीक खान के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

1428

**जाहिर सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री रविन्द्र कैलासिया, आत्मज स्व. श्री प्यारेलाल कैलासिया, निवासी 237, तक्षशिला कॉलेज के पास, रचना नगर, गोविन्दपुरा, भोपाल, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, मालिकाना अधिकार का एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक-ए-75, (भूखण्ड क्रमांक-75, सेक्टर- ए), जो कि भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल द्वारा विकसित आवासीय योजना 'सेक्टर-ए', स्वामी विवेकानंद परिसर, कटारा हिल्स भोपाल, तहसील कोलार, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश में नगर पालिक निगम भोपाल की सीमाओं के अन्दर वार्ड क्रमांक-85 में स्थित है, जिसका रजिस्ट्री अनुसार चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार है :-दिशा पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 40, दिशा पश्चिम में-रोड, दिशा उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 76, दिशा दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 74, प्लाट का कुल क्षेत्रफल जिसकी नाप 7.50M X 15M = 112.50 Sq. Mtr. उक्त को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने कर लिया है। उपरोक्त प्लाट पर या उसके किसी भाग पर शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय के संबंध में किसी व्यक्ति, गृह निर्माण संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, का कोई भी बकाया, ऋण, भार आदि कोई हो या किसी भी प्रकार का कोई लिखित भागीदारी, अनुबंध, विक्रय पत्र, मुख्तार नामा पत्र, वसीयत पत्र, हस्तांतरण पत्र, अन्तरण पत्र, दान, बंधक आदि किया हो तो अपनी आपत्ति मय प्रपत्रों सहित मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि मे आपत्ति प्रस्तुत करें समय अवधि निकल जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र होगा।**

**भवदीय ए.के.मंसूरी एडवोकेट**
**कार्यालय : 33, चेतक कॉम्पलेक्स, जोन-II, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.)**
**मो. 8349011026, 9893195202**

1427

## सूडोकु नवताल- 7883

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7882 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## काकुरो पहेली - 7556



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**




### काकुरो - 7555 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8964



**बाएँ से दाएँ**

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होंठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइन-3
27. परिमूल्य-3

**ऊपर से नीचे**

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

### शब्द पहेली -8963 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7395



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१.'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्न की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, खीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7394



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 7489

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 4 | 5 | | |
| 2 | 23 | 1 | 26 | | 40 | 6 |
| | 7 | | 4 | | 6 | |
| 4 | 38 | | 24 | 4 | 29 | 4 |
| | | 6 | | 2 | | |
| 6 | 47 | 7 | 35 | | 26 | 2 |
| 7 | | | 4 | 3 | | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7488 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 3 | 29 | 5 | 32 | 7 | 40 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8509

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | ब | द्री | ना | थ | य | ऋ | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | षि | ह | कां | गं |
| वि | स | की | वै | को | ह | रा | के | ल | ख | गो |
| के | स | स | क | ष्णो | वा | ज | ष | ह | श | त्री |
| दा | आ | र | ग | स | दे | ना | तू | रि | झ | प |
| र | ल | ला | र | दि | म | वी | ती | द्वा | घ | रिं |
| ना | व | का | शी | प | बा | ज | र | र | ना | थ |
| थ | वा | ई | द | ब | र्ड | डू | ए | श | सि | मी |
| ड | ल | अ | म | र | ना | थ | ग | शी | क | र |
| गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द | वि |
| वा | रा | ण | सी | क्षी | डि | त | ब | प | म | र |

शब्दजाल में दस धार्मिक स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

हरिद्वार,गंगोत्री,वैष्णोदेवी,बद्रीनाथ,नासिक, केदारनाथ,अमरनाथ,ऋषिकेष,काशी, वाराणसी

### शब्दजाल - 8508 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore